श्री जी.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, इन्दौर
(एसजीएसआईटीएस, इन्दौर)
बालक एवं बालिका छात्रावास

23, एम. विश्वैसरैया रोड, इंदौर (एमपी) – 452003
फोन नं. बालक छात्रावास (0731) 2582561, 2582562, बालिका छात्रावास (0731) 2582592, 2582595

(छात्र/छात्राओं एंव पालको से आग्रह है कि इस प्रपत्र को ध्यानपूर्वक पूरा पढें एंव कोर्स के दौरान उपरोक्तानुसार अमल करें)

छात्रावास में सुविधाएं

सामान्यतः दो छात्र अथवा छात्राओं को एक कमरा प्रदान किया जाता है। जिसमें प्रत्येक छात्र/छात्रा को एक कुर्सी, एक टेबिल, एक पलंग, एक अलमीरा अथवा रैक एवं एक इंटरनेट पोर्ट प्रदान किया जाता है। जबकि एक स्विच बोर्ड, एक पंखा एवं ट्यूबलाईट सम्मिलित रूप से रहवासियों द्वारा उपयोग किये जाते है।

1. मैस सुविधा

सभी छात्रावासों के मैसों में केवल शाकाहारी स्वादिष्ट, स्वास्थ्यवर्धक, पोष्टिक एवं अच्छा भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध रहता है। प्रत्येक मैस में एक मैस संचालक एवं उसके कर्मचारियों की टीम नियुक्त होती है। छात्रावासों में भोजन एवं मैस प्रबंधन के लिए रहवासी छात्रों की ही एक मैस कमेटी बनायी जाती है जो भोजन के आइटम, उनकी गुणवत्ता एवं दरों की देखरेख करती है। सभी मैसो में 24 घंटे संस्थान के केन्द्रीय एक्वागार्ड का पानी सप्लाय रहता है जिसे वाटर कूलरों द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक छात्रावासी विद्यार्थी को छात्रावास मैस का उपरोग करना अनिवार्य है । मैस में छात्रावासियों के अतिरिक्त अन्य छात्र/छात्राओं या व्यक्तियों का बिना अनुमति भोजन करना मना है ।

मेस समयः निर्धारित समय से पूर्व अथवा पश्चात भोजन प्रदान नहीं किया जा सकेगा।

विवरण	समय
नाश्ते का समय	प्रातः 8:00 बजे से 9:00 बजे तक
दोपहर भोजन	दोपहर 1:00 बजे से 2.30 बजे तक
रात्रि भोजन	रात्रि 8.00 बजे से 9.30 बजे तक

2. मनोरंजक गतिविधियां

ये गतिविधियां छात्रावासियों के बीच सामाजिक, मनोरंजक, एकता एवं सद्भाव को बढाने एवं विद्यार्थियों की भावनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ति में मददगार होती है। छात्रावासों में एक–एक कामन हॉल है जिसमें टेबल टेनिस, कैरम बोर्डस, शतरंज, समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं एवं केबल कनेक्शन के साथ टेलीविजन की सुविधाएं है। इनके अतिरिक्त छात्रावास के सामने ही संस्थान का खेल मैदान स्थित है जिसमे क्रिकेट, फुटबाल, हैंडबाल, बास्केटबाल, वालीवॉल, लॉन टेनिस, नेट बॉल एवं बेडमिंटन खेलने हेतू सुविधाए उपलब्ध है एवं अलग से पुर्ण सुसज्जित जिमनेशियम की भी सुविधा उपलब्ध है। संस्थान में प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक योगा एंव ऐरोबिक्स का अभ्यास प्रशिक्षकों की देखरेख में किया जाता है । साथ ही संस्थान द्वारा नयी साईकिलें भी छात्र/छात्राओं को उपलब्ध करवायी जाती है जिन्हें वे अपना संस्थान परिचय पत्र जमा कर एक घंटे के लिये प्राप्त कर सकते है । छात्रावास में छात्रो द्वारा भारत के विभिन्न त्यौहार एवं पर्व भी मनाये जाते है।

3. कंप्यूटर एवं इंटरनेट सुविधा

एम. विश्वैसरैया छात्रावास में प्रथम व'l के छात्रो हेतु इंटरनेट सहित कंप्यूटर लेब सुविधा प्रदान की गई है। अन्य छात्रावासों में भी प्रातः 6 बजे से रात्रि 11.59 बजे तक अबाध इंटरनेट सुविधा प्रदान की गई है। विद्यार्थीयों से अपेक्षा की जाती है कि वे अच्छे स्वास्थ्य की दृष्टि से कम से कम 6 घटो की गहरी नींद अवश्य लेवे।

4. सुरक्षा व्यवस्था

सभी छात्रावासों में 24X7 संस्थान द्वारा सुरक्षा गार्डो की तैनाती की गयी है एवं सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं।

5. मेडीकल एवं स्वास्थ सुविधा

संस्थान में डिस्पेंसरी की स्थापना सभी छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों के लिये की गयी है। प्रतिदिन पुरूष एवं महिला विशेषज्ञ डाक्टर डिस्पेंसरी में एक घंटे के लिए उपलब्ध रहते है। ठंड के दिनों में सभी छात्रावासों में गर्म पानी हेतु सोलर वाटर हीटर लगाये गये हैं।